# जय प्रकाश विश्वविद्यालय

राहुल सांकृत्यायन नगर, छपरा–841302, बिहार (भारत)

## JAI PRAKASH UNIVERSITY

RAHUL SANKRITYAYAN NAGAR, CHAPRA-841302, BIHAR (INDIA)

WWW. jpv.ac.in

Letter No. 354/DSW　　　　　　　　　　　　　　　　　　Dated: 18.07.2026

## नामांकन सूचना

### (ऑनलाइन आवेदन आमंत्रण हेतु अवसर)

जय प्रकाश विश्वविद्यालय क्षेत्रान्तर्गत सभी अंगीभूत/संबद्ध महाविद्यालयों में सी0बी0सी0एस0 आधारित चार वर्षीय **स्नातक सत्र (2026–30), शैक्षणिक वर्ष (2026–27)** के द्वितीय मेधा सूची के आधार पर नामांकन प्रक्रिया दिनांक 18.07.2026 को सम्पन्न हो चुका है। महाविद्यालयवार रिक्तियों सूची विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर उपलब्ध है। **तृतीय मेधा सूची प्रकाशित होने से पूर्व** इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए ऑनलाइन आवेदन करने के लिए विश्वविद्यालय के समर्थ पोर्टल के माध्यम से **दिनांक 20.07.2026 से दिनांक 23.07.2026 तक अवसर प्रदान किया जाता है।** ऑनलाइन आवेदन हेतु लिंक जय प्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा की वेबसाइट www.jpv.ac.in पर उपलब्ध है।_आवेदक ऑनलाइन आवेदन के दौरान अपने किसी तरह के **त्रृटि में सुधार दिनांक 20.07.2026 से 23.07.2026 तक** कर सकते हैं।

| क्र.सं. | नामांकन विवरणी | दिनांक |
|---|---|---|
| 1 | ऑनलाईन प्रपत्र भरने की प्रारंभिक तिथि | **20.07.2026** |
| 2 | ऑनलाईन प्रपत्र भरने की अंतिम तिथि | **23.07.2026** |
| 3 | तृतीय मेधा सूची प्रकाशित करने की तिथि | **26.07.2026** |
| 4 | तृतीय मेधा सूची के आधार पर नामांकन प्रारंभ करने की तिथि | **27.07.2026** |

सी0बी0सी0एस0 आधारित चार वर्षीय **स्नातक सत्र (2026–30)** में नामांकन हेतु सभी वर्ग के विद्यार्थियों के आवेदन शुल्क 500/–रूपये (पाँच सौ रूपये मात्र) का भुगतान केवल ऑनलाईन के माध्यम से होगा। एक बार भुगतान किया गया आवेदन शुल्क किसी भी स्थिति में वापस नहीं किया जायेगा। महाविद्यालयों में नामांकन शुल्क का भुगतान राज्य सरकार के नियमानुसार होगा।

**पात्रता मानदंड :**

1. **स्नातक विज्ञान** : वे अभ्यर्थी जिन्होंने बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की इंटरमीडिएट परीक्षा आईएससी या +2 विज्ञान स्ट्रीम या अन्य अनुमोदित राष्ट्रीय/राज्य बोर्ड द्वारा प्रस्तावित समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।।
2. **स्नातक वाणिज्य** : ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की इंटरमीडिएट परीक्षा इंटरमीडिएट कला/इंटरमीडिएट विज्ञान/इंटरमीडिएट वाणिज्य या +2 उत्तीर्ण की हो या अन्य अनुमोदित राष्ट्रीय/राज्य बोर्ड द्वारा प्रस्तावित समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।
3. **स्नातक कला** : ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की इंटरमीडिएट परीक्षा इंटरमीडिएट कला/इंटरमीडिएट विज्ञान/इंटरमीडिएट वाणिज्य +2 उत्तीर्ण की हो या अन्य अनुमोदित राष्ट्रीय/राज्य बोर्ड द्वारा प्रस्तावित समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।
4. **आवेदक/अभ्यर्थी एक आवेदन शुल्क में अधिकतम तीन प्रोग्राम (विषय) का चयन कर सकते हैं। पहले प्रोग्राम के आवेदन शुल्क भुगतान के पश्चात् अभ्यर्थी उसी लॉगिंन आईडी और पासवर्ड का उपयोग करके अन्य दो प्रोग्रामं का चयन कर सकते हैं इसके लिए कोई अतिरिक्त शुल्क देय नहीं होगा। प्रोग्राम की प्राथमिकता जिले का चयन और प्रति प्रोग्राम अधिकतम पाँच कॉलेजों का चयन कर सकते हैं।**

माननीय कुलपति महोदय के आदेशानुसार

RSingh 18/07/2026

[प्रो. (डॉ.) राणा विक्रम सिंह]
अध्यक्ष, छात्र–कल्याण

Raman
18/07/26